# रक्त और हमारा शरीर

---

Question 1.
एनीमिया किन कारणों से होता है?
(a) पौष्टिक आहार की कमी
(b) पेट में कीड़ों का होना
(c) सफाई का ध्यान न रखना
(d) उपर्युक्त सभी

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी

---

Question 2.
सफेद कणों का हमारे शरीर के लिए क्या महत्त्व है?
(a) सफेद कण हमारे शरीर के लिए वीर सिपाही है
(b) सफेद कण भोजन को पचाने में सहायक होते हैं
(c) सफेद कण बहुत से रोगों से हमारी रक्षा करते हैं
(d) कथन (b) एवं (d) सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) कथन (b) एवं (d) सत्य हैं

---

Question 3.
रक्तदान कौन कर सकते हैं?
(a) केवल मोटे-ताजे व्यक्ति
(b) साठ किलो वजन से अधिक के व्यक्ति
(c) अट्ठारह वर्ष से अधिक उम्र के स्वस्थ व्यक्ति
(d) बीमार व्यक्ति का रिश्तेदार

▼ Answer

Answer: (c) अट्ठारह वर्ष से अधिक उम्र के स्वस्थ व्यक्ति

---

Question 4.
ऑक्सीजन को शरीर के हर हिस्से में कौन पहुँचाता है?
(a) सफेद कण
(b) लाल कण
(c) साँस नली
(d) फेफड़े

▼ Answer

Answer: (b) लाल कण

---

Question 5.
रक्त में हीमोग्लोबिन के लिए किस खनिज की आवश्यकता पड़ती है?

(a) जस्ता
(b) शीशा
(c) लोहा
(d) प्लैटिनम

▼ Answer

Answer: (c) लोहा

---

Question 6.
बिंबाणु (प्लेटलैट कणों) की कमी से कौन-सी बीमारी होती है?
(a) टायफाइड
(b) मलेरिया
(c) डेंगू
(d) फाइलेरिया

▼ Answer

Answer: (c) डेंगू

---

Question 7.
एक मिलीलीटर रक्त में लाल कणों की संख्या कितनी होती है?
(a) एक से दो लाख
(b) दो से तीन लाख
(c) चालीस से पचास लाख
(d) लगभग एक करोड़

▼ Answer

Answer: (c) चालीस से पचास लाख

---

Question 8.
लाल कण बनावट में कैसे दिखाई देते हैं?
(a) समोसे जैसे
(b) रसगुल्ले जैसे
(c) जलेबी जैसे
(d) बालूशाही जैसे

▼ Answer

Answer: (d) बालूशाही जैसे

---

Question 9.
प्लेटलैट कणों का रंग कैसा होता है?
(a) लाल
(b) सफेद
(c) बे-रंग
(d) पीला

▼ Answer

Answer: (c) बे-रंग

---

Question 10.
अनिल की छोटी बहिन दिव्या को क्या रोग हो गया था?
(a) टाइफाइड
(b) मलेरिया
(c) काली खाँसी
(d) एनीमिया

▼ Answer

Answer: (d) एनीमिया

---

Question 11.
'रक्त और हमारा शरीर' पाठ के लेखक कौन हैं?
(a) यतीश अग्रवाल
(b) जैनेन्द्र कुमार
(c) टी. पद्मनाभन
(d) विनीता पाण्डेय

▼ Answer

Answer: (a) यतीश अग्रवाल

---

गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न-निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के दिए गए उत्तरों के विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए

1. देखने में त लाल द्रव के समान दिखता है, किंतु इसे सूक्ष्मदर्शी द्वारा देखें तो यह भानुमती के पिटारे से कम नहीं। मोटे तौर पर इसके दो भाग होते हैं-एक भाग वह जो तरल है, जिसे हम प्लाज्मा कहते हैं। दूसरा वह जिसमें छोटे-बड़े कई तरह के कण होते हैं...कुछ लाल, कुछ सफेद और कुछ ऐसे जिनका कोई रंग नहीं, जिन्हें बिंबाणु (प्लेटलैट कण) कहते हैं। ये कण प्लाज्मा में तैरते रहते हैं।" इतना कहकर डॉक्टर दीदी ने सूक्ष्मदर्शी के नीचे एक स्लाइड लगाई, उसे फोकस किया और बोलीं, "देखो अनिल, सूक्ष्मदर्शी द्वारा जो कण तुम्हें दिखाई दे रहे हैं, ये हैं लाल रक्त-कण।

Question 1.
देखने में रक्त कैसा दिखाई देता है?
(a) ठोस के समान
(b) जल के समान
(c) लाल द्रव के समान
(d) गाढ़े पेस्ट के समान

▼ Answer

Answer: (c) लाल द्रव के समान

---

Question 2.
सूक्ष्मदर्शी से देखने पर रक्त कैसा लगता है?
(a) भानुमती के पिटारे के समान
(b) अनोखा
(c) जादूगर के करतब जैसा
(d) चमत्कारों से भरा हुआ

▼ Answer

Answer: (a) भानुमती के पिटारे के समान

---

Question 3.
रक्त के तरल भाग को क्या कहा जाता है?
(a) द्रव
(b) प्लाज्मा
(c) बिंबाणु
(d) परमाणु

▼ Answer

Answer: (b) प्लाज्मा

---

Question 4.
जिन रक्त-कणों का कोई रंग नहीं होता, उन्हें क्या कहते हैं?
(a) प्लाज्मा
(b) भानुमती का पिटारा
(c) बिंबाणु
(d) जल

▼ Answer

Answer: (c) बिंबाणु

---

Question 5.
अनिल ने किस यंत्र से लाल रक्त-कणों को देखा?
(a) थर्मामीटर
(b) बैरोमीटर
(c) लैक्टोमीटर
(d) सूक्ष्मदर्शी

▼ Answer

Answer: (d) सूक्ष्मदर्शी

---

2. "लाल कण बनावट में बालशाही की तरह की होते हैं। गोल और दोनों तरफ अवतल, यानी बीच में दबे हए। रक्त की एक बूंद में इनकी संख्या लाखों में होती है। यदि हम एक मिलीमीटर रक्त लें तो उसमें हमें चालीस से पचपन लाख कण मिलेंगे। इनके कारण ही हमें रक्त लाल रंग का नज़र आता है। ये कण शरीर के लिए दिन-रात काम करते हैं। साँस लेने पर साफ़ हवा से जो ऑक्सीजन तुम प्राप्त करते हो उसे शरीर में पहुँचाने का काम इन कणों का ही है। इनका जीवनकाल लगभग चार महीने होता है। चार होते ये नष्ट हो जाते हैं, लेकिन एक साथ नहीं, धीरे-धीरे।

Question 1.
एक मिलीलीटर रक्त में लाल कणों की संख्या लगभग कितनी होती है?
(a) लगभग एक लाख
(b) लगभग दस लाख
(c) लगभग बीस लाख
(d) लगभग चालीस लाख से पचपन लाख तक

▼ Answer

Answer: (d) लगभग चालीस लाख से पचपन लाख तक

---

Question 2.
रक्त-कणों का क्या कार्य होता है?
(a) शरीर को ताकत देना
(b) शरीर को रोग मुक्त करना
(c) हवा को शुद्ध करके ऑक्सीजन के रूप में शरीर के हर भाग में पहुँचाना
(d) मनुष्य को जीवन देना

▼ Answer

Answer: (c) हवा को शुद्ध करके ऑक्सीजन के रूप में शरीर के हर भाग में पहुँचाना

---

Question 3.
रक्त-कण कितने दिन तक हमारे शरीर में रहते हैं?
(a) एक माह
(b) दो माह
(c) चार माह
(d) छह माह

▼ Answer

Answer: (c) चार माह

---

Question 4.
हमें रक्त लाल रंग का नजर क्यों आता है?
(a) लाल होने के कारण
(b) रक्त-कणों के कारण
(c) ऑक्सीजन के कारण
(d) बनावट बालूशाही जैसी होने के कारण

▼ Answer

Answer: (b) रक्त-कणों के कारण

---

3. शरीर में हर समय नए कण बनते रहते हैं, जो नष्ट कणों का स्थान ले लेते हैं। हड़ियों के बीच के भाग मज्जा में ऐसे बहुत से कारखाने होते हैं जो रक्त-कणों के निर्माण कार्य में लगे रहते हैं। इनके लिए इन कारखानों को प्रोटीन, लौह-तत्त्व और विटामिन रूपी कच्चे माल की ज़रूरत होती है। यह पौष्टिक आहार लेते हैं। हरी सब्जी, फल, दूध, अंडा और गोश्त में ये तत्त्व उपयुक्त मात्रा में होते हैं।

यदि कोई व्यक्ति उचित आहार ग्रहण नहीं करता तो इन कारखानों को आवश्यकतानुसार कच्चा माल नहीं मिल पाता। नतीजा यह होता है कि रक्त-कण बन नहीं पाते, रक्त में इनकी कमी हो जाती है। लाल कणों की इसी कमी को एनीमिया कहते हैं।

Question 1.
हमारे शरीर में नए रक्त-कणों का निर्माण कहाँ होता है?
(a) श्वास नली में
(b) त्वचा के नीचे
(c) हड्डियों के बीच के भाग भज्जा में
(d) मस्तिष्क में

▼ Answer

Answer: (c) हड्डियों के बीच के भाग भज्जा में

---

Question 2.
रक्तों-कणों का निर्माण किससे होता है?
(a) प्रोटीन से
(b) लौह-तत्त्व से
(c) विटामिन रूपी कच्चे माल से
(d) उपर्युक्त सभी से

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी से

---

Question 3.
प्रोटीन, लौह-तत्व और विटामिन हमें कहाँ से प्राप्त होते हैं?
(a) उचित आहार से
(b) प्रतिदिन व्यायाम करने से
(c) नियमित अध्ययन से
(d) कुछ दवाइयाँ लेने से

▼ Answer

Answer: (a) उचित आहार से

---

Question 4.
लाल कणों की कमी से कौन-सा रोग होता है?
(a) बेरी-बेरी
(b) खाँसी
(c) एनीमिया
(d) मधुमेह

▼ Answer

Answer: (c) एनीमिया

---

Question 5.
'पौष्टिक आहार' में विशेषण क्या है?
(a) पौष्टिक
(b) आहार
(c) पौष्टिक आहार
(d) इनमें से कोई नही

▼ Answer

Answer: (a) पौष्टिक

---

4. एनीमिया बहुत से कारणों से होता है, किंतु हमारे देश में इसका सबसे बड़ा कारण पौष्टिक आहार की कमी है। इसके अलावा इस रोग का एक और बड़ा कारण है-पेट में कीड़ों का हो जाना। ये कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य- पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। अतः इनसे बचने के लिए आवश्यक है कि हम पूरी सफाई से बनाए गए खाद्य- पदार्थ ही ग्रहण करें। भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धो लें और साफ पानी ही पिएँ। और हाँ, अनिल एक किस्म के कीड़े भी हैं, जिनके अंडे ज़मीन

की ऊपरी सतह में पाए जाते हैं। इन अंडों से उत्पन्न हुए लार्वे त्वचा के रास्ते शरीर में प्रवेश कर आँतों में अपना घर बना लेते हैं। इनसे बचने का सहज उपाय है कि शौच के लिए हम शौचालय का ही प्रयोग करें और इधर-उधर नंगे पैर न घूमें"।

Question 1.
एनीमिया रोग का सबसे बड़ा कारण क्या है?
(a) पौष्टिक आहार की कमी
(b) पेट में कीड़ों का हो जाना
(c) दूषित जल पीना
(d) नाखून न काटना

▼ Answer

Answer: (a) पौष्टिक आहार की कमी

---

Question 2.
दूषित जल पीने से क्या हो जाता है?
(a) पीलिया
(b) पेट में कीड़े
(c) पेट के अन्य रोग
(d) उपर्युक्त सभी रोग

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी रोग

---

Question 3.
पेट में कीड़े न हो, इसके लिए क्या करना चाहिए?
(a) सफाई का ध्यान रखना चाहिए
(b) साफ भोजन ग्रहण करना चाहिए
(c) भोजन से पहले हाथ साबुन से धोने चाहिए
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---

Question 4.
जमीन की सतह पर पाए जाने वाले कीड़े किस प्रकार हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं?
(a) भोजन के द्वारा
(b) जल के द्वारा
(c) त्वचा के रास्ते
(d) हाथ मिलाने से

▼ Answer

Answer: (c) त्वचा के रास्ते

---

Question 5.
त्वचा के रास्ते शरीर में प्रवेश करने वाले कीड़े अपना घर कहाँ बनाते हैं?
(a) त्वचा में
(b) आँतों में

(c) पैरों के नाखूनों में
(d) सिर में

▼ Answer

Answer: (b) आँतों में

---

5. "सफेद कण वास्तव में हमारे शरीर के वीर सिपाही हैं। जब रोगाणु शरीर पर धावा बोलने की कोशिश करते हैं तो सफेद कण उनसे डटकर मुकाबला करते हैं और जहाँ तक संभव हो पाता है रोगाणुओं को भीतर घर नहीं करने देते। बस, संक्षेप में यों मान लो कि वे बहुत से रोगों से हमारी रक्षा करते हैं।"

"और बिंबाणुओं का काम है चोट लगने पर रक्त जमाव क्रिया में मदद करना। रक्त के तरल भाग प्लाज्मा में एक विशेष किस्म की प्रोटीन होती है, जो रक्तवाहिका की कटी-फटी दीवार में मकड़ी के जाले के समान एक जाला बुन देती है। बिंबाणु इन जाले से चिपक जाते हैं और इस तरह दीवार में आई दरार भर जाती है, जिससे रक्त बाहर निकलना बंद हो जाता है।"

Question 1.
वीर सिपाही किन्हें कहाँ जाता है?
(a) रक्त के लाल कण को
(b) रक्त के सफेद कण को
(c) पेट के कीड़ों से लड़नेवाने कणों को
(d) शरीर को ताकत प्रदान करने वाले कणों को

▼ Answer

Answer: (b) रक्त के सफेद कण को

---

Question 2.
जब रोगाणु शरीर पर धावा बोलते हैं तो रोगाणुओं का मुकाबला कौन करते हैं?
(a) स्वयं रोगी
(b) चिकित्सक
(c) लाल कण
(d) सफेद कण

▼ Answer

Answer: (d) सफेद कण

---

Question 3.
चोट लगने पर रक्त का बहाव किस प्रकार रुकता है?
(a) पट्टी बाँधने से
(b) दवाई लगाने से
(c) रक्त में मौजूद बिंबाणुओं से
(d) डिटोल से घाव साफ करने से

▼ Answer

Answer: (c) रक्त में मौजूद बिंबाणुओं से

---

Question 4.
रक्त-वाहिका का समास-विग्रह होगा
(a) रक्त में वाहिका

(b) रक्त की वाहिका
(c) रक्त की वाहिका है जो
(d) रक्त और वाहिका

▼ Answer

Answer: (b) रक्त की वाहिका

---

Question 5.
बिंबाणु का संधि-विच्छेद होगा
(a) बिंब + अणु
(b) बिंबा + अणु
(c) बिंब + आणु
(d) बिंबा + आणु

▼ Answer

Answer: (a) बिंब + अणु

---

6. अट्ठारह वर्ष से अधिक उम्र के स्वस्थ व्यक्ति ही रक्तदान कर सकते हैं। एक समय में उनसे लगभग 300 मिलीलीटर रक्त ही लिया जाता है। प्रायः यह समझा जाता है कि रक्तदान करने से कमज़ोरी हो जाएगी, किंतु यह विचार बिल्कुल निराधार है। हमारा शरीर इतना रक्त तो कुछ ही दिनों में बना लेता है। वैसे भी शरीर में लगभग पाँच लीटर खून होता है। इसमें से यदि कुछ रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवन-दान बन जाए तो इससे बड़ी बात क्या होगी! दीदी समझाते हुए बोलीं।

Question 1.
रक्त दान कौन कर सकता है?
(a) अट्ठारह वर्ष से अधिक का व्यक्ति
(b) एक स्वस्थ व्यक्ति
(c) 'क' और 'ख' दोनों कथन सत्य हैं
(d) कोई भी कथन सत्य नहीं हैं

▼ Answer

Answer: (c) 'क' और 'ख' दोनों कथन सत्य हैं

---

Question 2.
हमारे शरीर में लगभग कितना खून होता है?
(a) दो लीटर
(b) तीन लीटर
(c) चार लीटर
(d) लगभग पाँच लीटर

▼ Answer

Answer: (d) लगभग पाँच लीटर

---

Question 3.
रक्तदान के समय हमारे शरीर से कितना खून लिया जाता है?
(a) सौ मिलीलीटर
(b) एक सौ पचास मिलीलीटर

(c) दो सौ मिलीलीटर
(d) तीन सौ मिलीलीटर

▼ Answer

Answer: (d) तीन सौ मिलीलीटर

---

Question 4.
क्या विचार निराधार है?
(a) खून देना उचित नहीं है
(b) खून देने से बीमारियाँ लग जाती हैं
(c) खून देने से कमज़ोरी आ जाती है
(d) सभी कथन निराधार हैं

▼ Answer

Answer: (d) सभी कथन निराधार हैं

---

Question 5.
रक्तदान का क्या फायदा है?
(a) किसी ज़रूरतमंद को जीवन-दान मिल जाता है
(b) हमारा खून थोड़ा-सा पतला हो जाता है जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा है
(c) ज़रूरत पड़ने पर रक्तदाता को शीघ्रता से खून उपलब्ध हो जाता है
(d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

▼ Answer

Answer: (d) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं

---